
देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 258 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...कुछ राहत तो जरूर मिलेगी



देहरादून, बुधवार, 19 जनवरी 2022

# पेज श्री



मौसम अधिकतम 16.0° न्यूनतम 9.0° | 40243.39 | 2 टॉप हूती कमांडर हवाई हमले में ढेर | 7 मैदान पर उतरेंगे बल्लेबाज विराट कोहली

# केंद्र ने राज्यों, यूटी से कहा–जांच बढ़ाएं

## देश में कोरोना के घट रहे मामले या टेस्टिंग हो रही कम?

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। केन्द्र ने कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कोविड–19 जांच की संख्या में गिरावट को चिह्नित करते हुए सोमवार को उन्हें जांच बढ़ाने को कहा ताकि महामारी के प्रसार पर प्रभावी ढंग से नजर रखी जा सके और तत्काल नागरिक केंद्रित कार्रवाई शुरू की जा सके। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लिखे पत्र में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव आरती आहूजा ने उन्हें इस पहलू पर तुरंत ध्यान देने और विशिष्ट क्षेत्रों में मामले की सकारात्मकता के रुझान को ध्यान में रखते हुए रणनीतिक तरीके से जांच बढ़ाने की सलाह दी।

**ओमीक्रोन के तेजी से बढ़ रहे मामले:** उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि ओमीक्रोन वर्तमान में पूरे देश में फैल रहा है। मंत्रालय के पहले के पत्रों और पिछले साल 27 दिसंबर को ओमीक्रोन के संदर्भ में महामारी प्रबंधन की व्यापक रूपरेखा तैयार करने की गृह मंत्रालय की सलाह का उल्लेख करते हुए, आहूजा ने कहा कि जांच कराना एक महत्वपूर्ण घटक है। उन्होंने पत्र में लिखा, "हालांकि, आईसीएमआर पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों से यह देखा गया है कि कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जांच में गिरावट आई है।'

**जांच बढ़ने से संक्रमण पर लगेगी रोक:** उन्होंने कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा जारी सभी परामर्शों में मूल उद्देश्य त्वरित पृथकवास और मामलों का शीघ्र पता लगाना है। आहूजा ने कहा, "बीमारी को उन लोगों में गंभीर श्रेणी में बढ़ने से रणनीतिक जांच के जरिये रोका जा सकता है, जिनमें उच्च जोखिम हैं और जो संवेदनशील हैं, साथ ही उन क्षेत्रों में जहां प्रसार अधिक होने की आशंका है।'

**रणनीतिक रूप से केंद्रित जांच की सलाह:** उन्होंने कहा कि परामर्श को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के पहले के दिशा–निर्देशों और सलाह के साथ पढ़ने की जरूरत है, जिसमें यह सिफारिश की गई है कि उन लोगों की रणनीतिक और केंद्रित जांच की जानी चाहिए, जो कमजोर हैं और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में रहते हैं।

### वैक्सीनेशन की रफ्तार तेज

कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए देश में वैक्सीनेशन में तेजी लाई गई है। भारत में डेढ़ सौ करोड़ वैक्सीन की खुराक देने का आंकड़ा पहले ही पार कर लिया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक अब तक देशभर में 158.04 करोड़ कोरोना रोधी टीके की खुराक दी जा चुकी हैं। बीते 24 घंटों में लगभग 80 लाख वैक्सीन खुराक दी गई हैं।



### बीते 24 घंटों में आए 2.38 लाख केस

भारत में पिछले दो दिनों से लगातार कोरोना के मामलों में गिरावट दर्ज की जा रही है जो एक शुभ संकेत माना जा सकता है। बीते 24 घंटों की बात करें तो देशभर में कोरोना के कुल 2,38,018 नए मामले सामने आए हैं जो सोमवार को सामने आए मामलों से करीब 20,071 कम है। हालांकि बीते 24 घंटों के दौरान देशभर में कोरोना से 310 मरीजों की मौत हुई है और इस दौरान 1,57,421 ठीक भी हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक देश में अब करीब 1736628 सक्रिय मामले हैं और दैनिक सकारात्मकता दर भी घटकर 14.43 फीसद पर आ गई है।

### 50 लाख से अधिक स्वास्थ्य कर्मी, वरिष्ठ नागरिकों को मिली प्रीकाशन खुराक

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को बड़ी घोषणा की। उन्होंने बताया कि 10 जनवरी से अब तक 50 लाख से अधिक स्वास्थ्य कर्मियों, फ्रंटलाइन वर्कर्स और 60 वर्ष व उससे अधिक उम्र के नागरिकों को कोविड–19 के टीके की प्रीकाशनखुराक दी जा चुकी है। वहीं स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि देश में वैक्सीनेशन अभियान के तहत, केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को कोविड–19 वैक्सीन की 158.16 करोड़ से अधिक डोज उपलब्ध करवाई है। केंद्र ने प्रत्येक राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को मुफ्त चौनल और प्रत्यक्ष राज्य खरीद श्रेणी के माध्यम से अब तक 158 करोड़ 16 लाख 75 हजार 635 वैक्सीन की डोज दी जा चुकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे होंगे देश के अगले आर्मी उप–प्रमुख

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश अगले चीफ आफ डिफेंस स्टाफ की नियुक्ति का इंतजार कर रहा है। सूत्रों के अनुसार सरकार ने मंगलवार को पूर्वी सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे को सेना के अगले उप प्रमुख के रूप में नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। सूत्रों ने एएनआइ को बताया कि पूर्वी सेना के कमांडर अगले सेना उप प्रमुख होंगे।

### यूपी चुनाव पर बोले पीएम मोदी, हर वोट बेहद कीमती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को अपने चुनाव क्षेत्र वाराणसी के पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। 45 मिनट के इस संवाद के दौरान उन्होंने आठ भाजपा कार्यकर्ताओं से बात की और उनके विचार भी जाने। पीएम ने कहा हर वोट महत्वपूर्ण है, हमें लोगों को मतदान के महत्व को बताना चाहिए।

# कांग्रेस ने कौड़ियों के भाव बेच दिया खास स्पेक्ट्रम

## एंट्रिक्स–देवास सौदे को लेकर वित्त मंत्री का कांग्रेस पर निशाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एंट्रिक्स–देवास मामले में आज कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि एक बहुत बड़ा घोटाला था। इसमें राष्ट्रीय हितों की अनदेखी करते हुए एक निजी कंपनी को खास स्पेक्ट्रम दिया गया। कांग्रेस ने अपने चाटुकारों को औने–पौने दाम पर यह खास स्पेक्ट्रम बेचा और कैबिनेट को भी इस मामले में अंधेरे में रखा।

सीतारमण ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कैबिनेट को इस डील की जानकारी नहीं थी। 90 फीसदी सैटेलाइट निजी पार्टी को दे दिए गए थे जो अभी लॉन्च भी नहीं हुए थे। 2011 में एक इंटरव्यू में तब के टेलिकॉम मिनिस्टर कपिल सिब्बल ने कहा था कि कैबिनेट को इसकी जानकारी नहीं है। इसरो पीएमओ के तहत आता है।

### 2005 में हुई थी डील

वित्त मंत्री ने कहा कि 2005 में अंतरिक्ष और देवास में डील हुई थी। तब देश में यूपीए की सरकार थी। सरकार को डील के बाद इसे कैंसल करने में छह साल लगाए। यह राष्ट्रीय हितों के खिलाफ था। यह देश के लोगों के साथ धोखा था। फरवरी 2011 में यूपीए ने इस एग्रीमेंट को कैंसल किया। तब कांग्रेस के मंत्रियों ने कई बयान दिए थे। तब एक तत्कालीन मंत्री को गिरफ्तार किया गया था। यह एक बहुत बड़ा घोटाला था।

देवास ने देवास डेवाइस के जरिए कई तरह की सर्विसेज देने का वादा किया। लेकिन जब डील हुई तो इनमें किसी भी सर्विस का वजूद नहीं था। आज भी इनका कोई वजूद नहीं है। मोदी सरकार हर कोर्ट में यह लड़ाई लड़ रही है।

**कैबिनेट को किया गुमराह:** सीतारमण ने कहा कि कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि देवास 579 करोड़ रुपये का निवेश लाई लेकिन इसमें से 85 फीसदी राशि को गबन करके विदेश भेज दिया गया। यह देश के साथ धोखाधड़ी है। कैबिनेट के सामने गुमराह करने वाला नोट पेश किया गया, इससे साफ है कि कंपनी का पूरा कारोबार फ्रॉड था।

सुप्रीम कोर्ट ने आदेश ने कांग्रेस सरकार की कलई खोल दी है। इससे साफ है कि कांग्रेस पार्टी किस तरह काम करती है। हम अंतिम सांस तक इसके खिलाफ लड़ेंगे। कांग्रेस को क्रोनी कैपिटेलिज्म पर बात करने का कोई हक नहीं है।

# भगवंत मान होंगे पंजाब में आम आदमी पार्टी के सीएम फेस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा चुनाव में भगवंत मान आम आदमी पार्टी का मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे। आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अगर वह खुद भगवंत मान का नाम घोषित कर देते तो लोग आरोप लगाते कि उन्होंने छोटे भाई को सीएम चेहरा बना दिया। पिछले हफ्ते हमने फोन नं. जारी किया, जिसमें भगवंत मान का नाम टाप पर रहा। 21 लाख से अधिक मैसेज व फोन आए। सर्वे में आप की सरकार बन रही है। 93.7 फीसद लोगों ने भगवंत मान का नाम दिया। यानी राज्य के अगले सीएम भगवंत मान होंगे। इस नंबर पर गत सायं पांच बजे तक 21.59 लाख लोगों ने अपनी राय दी। इनमें से सबसे ज्यादा लोग भगवंत मान को ही पसंद किया। उन्हें ही मुख्यमंत्री चेहरा बनाने के लिए अपनी राय दी। हालांकि कई ने अरविंद केजरीवाल और कुंवर विजय प्रताप सिंह को मुख्यमंत्री चेहरा बनाने के लिए अपनी राय दी, परंतु सबसे ज्यादा लोग भगवंत मान के पक्ष में हैं। भगवंत मान ने कहा कि पंजाब के लोगों और पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है वह उसे दोगुण हौसले से निभाएंगे। कहा कि पंजाब की रौनक फिर से लौटाना उनका सपना है।

उल्लेखनीय है कि भगवंत मान इस समय संगरूर से सांसद हैं और अपने लोकसभा क्षेत्र के विस हलका धूरी से चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी में हैं। पार्टी के कई ऐसे विधायक जो मान से किसी कारणवश नाराज हैं, वे भी मान को सीएम फेस बनाने के पक्ष में हैं। उनका कहना है कि अगर पार्टी भगवंत मान को मुख्यमंत्री पद का चेहरा नहीं बनाएगी तो इससे पार्टी का नुकसान होगा। भगवंत ने ही सभी सीटों पर जा जाकर लोगों को पार्टी के लिए संगठित किया है।

### एलान

- 93.7 फीसद लोगों ने मान को पहली पसंद बताया


Are you Planning to make a Website or already have?

If yes, then we are here to serve you

What we do

Website Development — All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding — 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation — A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.

Contact: Gadoli Media Ventures

Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930

E-Mail: contact@gadoli.in


# मानव रहित हवाई वाहनों पर लगा प्रतिबंध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस पर किसी भी आतंकी साजिश से निपटने के लिए दिल्ली पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। राजधानी में 20 जनवरी से 15 फरवरी तक मानव रहित हवाई वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। दिल्ली पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना ने बताया कि इस अवधि में पैरा–ग्लाइडर, पैरा–मोटर, मानव रहित विमान प्रणाली, दूर से चलने वाले विमान, छोटे आकार के विमान, क्वाडकॉप्टर, पैरा–जंपिंग आदि का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। मानव रहित हवाई वाहन के उपयोग से आतंकी आम जनता, गणमान्य व्यक्तियों और महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा के लिए खतरा उत्पन्न कर सकते हैं। इंटेलिजेंस ब्यूरो ने दिल्ली पुलिस से नौ पन्नों का अलर्ट साझा किया है। बताया जा रहा है कि आतंकी देश के कई बड़े नेताओं को निशाना बनाने की साजिश रच रहे हैं।

सूत्रों का कहना है कि आतंकी संगठन खालिस्तान लिबरेशन फोर्स ने अन्य आतंकी संगठनों के साथ साजिश रची है। जिसको देखते हुए राजधानी के प्रमुख स्थानों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### खुफिया विभाग ने पुलिस से साझा किया नौ पन्नों का अलर्ट